लो पास आ गई कविता
स्वरों से नहाई
लय में सुनाई
छन्द के बन्ध खोल दिए तो
मन के आसमान में ऊपर
उड़ती चली कविता
शब्दों का खेल कविता।

मनीषा
कक्षा–6 'अ'

तू खुद को बदल

दरिया की कसम मौजों की कसम,
ये ताना बाना बदलेगा।

तू खुद को बदल, तू खुद को बदल,
तब ही तो जमाना बदलेगा।

तू चुप रह कर जो सहती रही,
तो क्या ये जमाना बदलेगा।

तू बोलेगी, मुँह खोलेगी,
तब ही तो जमाना बदलेगा।

दस्तूर पुराने सदियों के,
ये आये कहाँ से क्यों आये।

कुछ तो सोचों, कुछ तो समझो,
ये क्यों तुमने है अपनाये।

ये पर्दा तुम्हारा कैसा है,
क्या ये मजहब का हिस्सा है।

कैसा मजहब, किसका पर्दा,
ये सब मर्दों का किस्सा है।

आवाज उठा, कदमों को मिला,
रफ्तार जरा कुछ और बढ़ा।

मशरिफ से उठो, मगरिब से उठो,
उत्तर से उठो, दक्षिण से उठो,
गांवों से उठो, शहरों से उठो,
फिर सारा जमाना बदलेगा।

हेमन्त कुमार
कक्षा–12 'विज्ञान वर्ग'

दृष्टिकोण

देखा है हमने भी जिन्दगी को करीब से,
बात कुछ बनती नहीं सिर्फ नसीब से,
होते नहीं ख्वाब पूरे खोखले इरादों से।

और चलती नहीं जिन्दगी मरे हुए वादों से,
कि मंजिल को पाना इतना आसान नहीं है।

चलते है लोग मगर दिशा का ज्ञान नहीं है,
होंगे शायद कुछ, ऐसे भी इस जहाँ में,
जो साँस तो ले रहे है, पर उनमें भी जान नहीं होती।

पर कदम–कदम पर यही पाया है
गुरूओं तथा किताबों ने यहीं सिखाया है।

करना है चमत्कार तो भीतर से
खुद को मजबूत करना होगा,
आती–जाती साँसों में उत्साह का प्रवाह लाना होगा।

और परिस्थितियाँ अनुकूल रहे या न रहे।
पर, अपने दृष्टिकोण को मजबूत बनाना ही होगा।

मो. जैनुल
कक्षा–6 'अ'

चाँद से थोड़ी सी गप्पे

गोल है, खूब मगर
आप तिरछे नजर आते हैं जरा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों जड़ा
सिर्फ मुँह खोले हुए है अपना
गोरा–चिट्टा
गोल–मटोल
अपनी पौशाक को फैलाए हुए चारों सिम्ट।
आप कुछ तिरछे नजर आते हैं जाना कैसे
–खूब हैं जोकि?
वाह जी वाह
हमको बुद्धू ही निरा समझा है
हम समझते ही नहीं जैसे कि–
आपको बीमारी है
आप घटते है तो घटते ही चले जाते हैं।
और बढ़ते है तो बस यानि कि
बढ़ते ही चले जाते है
दम नहीं लेते है जब तक बिलकुल ही
गोल न हो जाएँ
बिलकुल गोल
यह मरज अच्छा ही नहीं होने में.....
आता है।

संकलन कर्ता
मुस्कान
कक्षा–6 'अ'

चुटकुला

1. एक महिला अपनी सहेली के पास पहुँची। छोटे बच्चे को देखकर सहेली ने कहा– इसकी आँखें बिल्कुल माँ जैसी है।

माँ बोली– और साया बाप का। बच्चे का बड़ा भाई बोल उठा पतलून बड़े भाई की है।

2. **बाप–** बेटा गम न करो, भाग्य में फैल होना लिखा था तो हो गया

   बेटा– तब तो बहुत अच्छा हुआ यदि में मेहनत करता तो सारी मेहनत बेकार जाती।

3. **बड़ी बहन–** मैं जब गाना गाती हूँ, तो तू बाहर क्यों खड़ी रहती है ? छोटी बहन– मैं गाना नहीं गा रही हूँ लोगों को यह बताने के लिए।

रोहित कुमार
कक्षा–4 'अ'

स्वच्छता

पूरे देश का नारा हो, देश साफ हमारा हो।
न होगा डेंगू, न होगा मलेरिया।
जब साफ रहेगा इंडिया।।

उज्ज्वल रहेगा तभी भविष्य।
जब साफ दिखेगा भारत का दृश्य।।

जब आऐंगे सब भारतीय साथ।
न दिखेगा इस देश में दाग।।

आज सच करके दिखाऐंगे।
भारत को हम स्वच्छ बनाऐंगे।।

दीपा कुमारी
कक्षा–8 'अ'

मत बाँटो इंसान को

मंदिर–मस्जिद–गिरजाघर ने
बाँट लिया भगवान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा
मत बाँटो इंसान को।।
अभी राह तो शुरू हुई है,
मंजिल बैठी दूर है।
उजियाला महलों मे बंदी
हर दीपक मजबूर है।।
मिला न सूरज का संदेशा,
हर घाटी–मैदान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा,
मत बाँटो इंसान को।।
अब भी हरी भरी धरती है,
ऊपर नील वितान है।

संकलन कर्ता
शिवानी रघुवंशी

कविता

बाल विवाह

विवाह का मतलब न जाने।
और बाल विवाह करने चले।
इसी के कारण, लाखों की जिंदगी,
तबाह करने हैं ये चले।
समझने की कोशिश ही नहीं की
बाल विवाह श्राप भी है, अभिशाप भी है।
बच्चों को पैदा होने से पहले ही मार दिया।
उनकी हँसती–खेलती जिंदगी को एक
इत्तेफाक बना दिया।
क्यों उनकी जान के दुश्मन बनें,
कभी यमराज तो कभी,
यमराज के दूत की तरह लगे।
लोग बाल विवाह से इतने खुश हैं कि,
बच्चों को जीते–जागते शमशान पहुँचाया।
करती बस यही प्रार्थना आपसे,
आप भी अपनी राय बताइए।
रोकिए इस बाल विवाह की प्रथा को,
ताकि बच्चे आगे बढ़ सकें,
ताकि बच्चे आगे पढ़ सकें।

कुम कुम
कक्षा–8 'अ'

कोटा की शान

देखो कोटा में वो बरसात की शाम,
वो दशहरे मेले का जाम।
वो चम्बल गार्डन की हवा,
वो एम.बी.एस. अस्पताल की दवा,
वो सिटी मॉल की शॉपिंग।
वो दोस्तों से मोबाइल पर टॉकिंग,
वो आई.आई.टी की पढ़ाई।
वो पानी पूरी की खटाई,
वो अमर ढ़ाबे का खाना।
जिसका सारा जहाँ है दिवाना,
वो सोयाबीन का तेल।
वो केन्द्रीय विद्यालय स्कूल की पढ़ाई व खेल,
वो गोदावरी धाम की सड़के।
जहाँ अनेक दिल धड़के,
वो कोटा डोरियाकी साड़ियाँ।
वो चम्बल की बहती नदियाँ,
वो एल.जी.क़ा गुलकन्द।
वो किशोर सागर में विसर्जन का आनंद,
वो मस्ती की रातें,
ऐसी हैं कुछ कोटा की बातें।

सलोनी कुमारी
कक्षा–8 'अ'

मैं बोझ नहीं इस धरती पर''

1. शाम हो गई अभी तो घूमने चलो न पापा।
2. चलते–चलते थक गई कंधे पर बिठा लो ना पापा।
3. अंधेरे से डर लगता है सीने से लगा लो ना पापा।
4. मम्मी तो सो गई आप ही थपकी देकर सुलाओ न पापा।
5. स्कूल तो पूरी हो गई अब कॉलेज जाने दो ना पापा।
6. पाल पोस कर बड़ा किया अब जुदा तो मत करो न पापा।
7. अब डोली में बिठा ही दिया तो आँसू तो मत बहाओ न पापा।
8. आपकी मुस्कुराहट अच्छी है एक बार मुस्कुराओ न पापा।
9. आपने मेरी हर बात मानी एक बात और मान जाओ न पापा।
10. इस धरती पर बोझ नहीं मैं दुनियाँ को समझाओं न पापा।

मोनिका मीना
कक्षा–8 'अ'

मच्छर चालीसा

जय मच्छर चालीसा उजागर,
तुम हो अति रोग के सागर।
गुप्त मार्ग से घर तुम हो आते,
विकृत रूप धर तुम काट जाते।
मलेरिया के तुम ही दाता,
तुम वायरस के छोटे भ्राता।
मच्छरदानी काम न आवे,
मॉर्टिन भी न असर दिखावे।
डंक तुम्हारा हर कोई पावे।
मच्छर देव से बचो–बचाओ,
सावधान रहकर दूर भगाओ।
जो जन मच्छर चालीसा गावें,
चिकन गुनिया उसके पास न आवे,
चिकन गुनिया उसके पास न आवे,
डेंगू से भी छुटकारा पावे।

उत्कर्ष बन्धु
कक्षा–8 'अ'

राष्ट्रभाषा-हिन्दी

अभिमान है,
स्वाभिमान है।
हिन्दी हमारी जान है,
जान है,जहान है।।

हिन्दी हमारी शान है,
सुर है, लाल है,
नया भाव है,
हिन्दी हमारा गान है,
दिलों का उद्‌गार है
भाषा का संसार है।

हिन्दी हमारी संस्कृत का अवतार है।
विचारों की खान है,
प्रेम का परिधान है,
हिन्दी भाषा महान है।

बागों की बहार है,
राग में मल्हार है।
हिन्दी हमारा प्यार है,
देवों का वरदान है।।

राखी
कक्षा–8 'अ'

पानी कहाँ है ?

पानी कहाँ है ?
मटके में।
मटका कहाँ है ?
रसोई घर में।
रसोई घर कहाँ है ?
घर में।
घर कहाँ है ?
खेड़ली फाटक में।
खेड़ली फाटक कहाँ है ?
कोटा में।
कोटा कहाँ है ?
राजस्थान में।
राजस्थान कहाँ है ?
भारत में।
भारत कहाँ हैं ?
एशिया में।
एशिया कहाँ है ?
पानी में !!!

राखी
कक्षा–8 'अ'

सुविचार

- शिष्टाचार, नम्रता या विनय का कोई मूल्य नहीं है लेकिन इस का लाभ अधिक है। वह मनुष्य जिसमें नम्रता नहीं, इन्सान की शक्ल में जानवर है।

  –फ्रांसिस बेकन
- धूल से नीचे क्या होगा ? मगर वह भी अपमान सहन नहीं कर सकती, लात मारें तो सिर पर चढ़ती है।

  –रामायण
- जीवन का लक्ष्य सुख नहीं, चरित्र है।

  –क्लार्क
- हम जिस चरित्र का निर्माण करते हैं, वह हमारे साथ भविष्य में भी रहेगा।

  –डॉ. राधाकृष्णन

तुषार शर्मा
कक्षा–9 'अ'

अरे बेटी भी तो चाहिए

कहानियाँ सुनाने के लिए दादी चाहिए,
प्यार करने के लिए माँ चाहिए।

लड़ने के लिए बहन चाहिए,
खीर खिलाने के लिए मम्मी चाहिए।

बाते करने के लिए चाची चाहिए,
साथ निभाने के लिए पत्नी चाहिए।

जिद करने के लिए नानी चाहिए,
पढ़ाने के लिए अध्यापिका चाहिए।

उपहार लेने के लिए बुआ चाहिए,
अरे यह सब किरदार निभाने के लिए।
बेटी भी तो चाहिए।।

पलक सुमन
कक्षा–7 'ब'

बेटी बचाओं

बेटा वारिस है, बेटी पारस है।
है बेटा वंश, बेटी अंश है।
बेटा आन है, बेटी शान है।
बेटा तन है, बेटी मन है।
बेटा मान है, बेटी गुमान है।
बेटा संस्कार है, बेटी संस्कृति है।
बेटा राग है, बेटी बाग है।
बेटा दवा है, बेटी दुआ है।
बेटा भाग्य है, बेटी विधाता है।
बेटा शब्द है, बेटी अर्थ है।
बेटा गीत है, बेटी संगीत है।
बेटा प्रेम है, बेटी पूजा है।
''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ''।।

मनाली सुमन
कक्षा–4 'ब'

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

प्र. 1. अमरीका की मुद्रा कौन–सी है ?
प्र. 2. 'भारत रत्न' पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली गायिका कौन है ?
प्र. 3. 'रोमियो एण्ड जूलियट' का लेखक कौन था ?
प्र. 4. सरस्वती जी का वाहन क्या है ?
प्र. 5. झारखण्ड राज्य पहले किस भारतीय राज्य का हिस्सा था ?
प्र. 6. एशियाई खेलों का आयोजन कितने साल बाद होता हैं ?
प्र. 7. किस नदी को 'बंगाल का शोक' कहते है ?
प्र. 8. दूध की शुद्धता की जाँच करने वाले यंत्र को क्या कहते है ?
प्र. 9. अकबर के दादा का नाम क्या था ?
प्र. 10. पंडित शिव कुमार शर्मा किस वाद्ययंत्र से सम्बन्धित है ?
प्र. 11. राजस्थान के किस शहर को 'झीलों का शहर' कहा जाता हैं ?

उत्तर– 1. डालर, 2. लता मंगेशकर,
3. विलियम शेक्सपियर, 4. मोर, 5. बिहार का,
6. चार साल बाद, 7. दामोदर को, 8. लेक्टोमीटर,
9. बाबर, 10. संतूर से, 11. उदयपुर में।

हर्ष राठौड़
कक्षा–8 'ब'

हार से जीतना सीखो

हार का मतलब यह नहीं की हम हार गए इसका मतलब है हम जीते नहीं हैं हार का मतलब यह नहीं कि हमने कुछ नहीं पाया इसका मतलब है हमने कुछ खोया नहीं हार का मतलब यह नहीं कि हम दूसरों की नजर में नीचे गिर गए, इसका मतलब है हम परफेक्ट नहीं ये हार ा मतलब यह नहीं कि हमने अपना समय बर्बाद कर दिया इसका मतलब है कि हमें बहाना मिला फिर से करने का हार का मतलब यह नहीं है कि हमें हार मान लेनी चाहिए इसका मतलब है कि हमें और मेहनत करनी है हार का मतलब यह नहीं की भगवान ने हमारे साथ कुछ गलत किया बल्कि वे हमारे साथ कुछ अच्छा करना चाहते होंगे।

उत्प्रेक्षा
कक्षा–8 'ब'

मौका

जो मिले मौका तो पकड़
न खुद को तू यों ही जकड़
जो बदलना पड़े तो बदल
क्या करेगी ये तेरी अकड़ ?

किस्मत एक मौका सबको देती है
तेरा नंबर भी आया है,
तुझे कुछ भाए न भाए
तू मौके को भाया है।

अनदेखा अनजाना खुद को डराता है
पर खोज ही तो असली जीवन कहलाता है
कुछ अंदर, कुछ बाहर खोजता जा
नई–नई कहानी तू रचता जा

जो तू रूकेगा, जग रूकता दिखेगा
जो चल पड़ा तो जग साथ चलेगा
तेरी तुझसे जो भी अभिलाषा है।

ज़िन्दगी का बहाव जो गंगा–जमुना
तो यही मौका ही तेरी नौका है
उठा ले पतवार ओ मेरे माही
तुझे किसने अब रोका है।

स्वप्न युग

''खुद को खुद से बड़ा सपना बनाते हैं,
ये ही सपने जीने का मकसद दे जाते हैं।
सपनों को हम खुद पर छा जाने देंगे,
जिंदगी में ये ही हमें जाने देंगे।।''

कर्म युग

कर्म युग में रहना, मेरा धर्म है,
आलस से बढ़कर न कोई अधर्म है।
कर्मों में अपनी खुशी तू ढूँढ़ ले,
इसी में छुपा जिदंगी का मर्म है।

जीवन युग

खुद को खोए बिना कुछ भी पाया जाता नहीं है।
लहर बने बिना किनारे आया जाता नहीं है।
जाग उठ चल दे, खुद को बनाने की राह पर
जीवन और किसी तरह सफल बनाया जाता नहीं है।

माहिर आलम
कक्षा–8 'अ'

समझें और जानें

एक बार 0 से 9 तक की संख्याओं के बीच झगड़ा हो गया। संख्या 9 ने कहा मैं ताकतवर हूँ और संख्या 8 को झापट दिया, संख्या 8 ने कहा मैं ताकतवर हूँ और 7 को चाटा मारा, इसी प्रकार 7 ने 6, 6 ने 5, 5 ने 4, 4 ने 3, 3 ने 2, 2 ने 1 के साथ ऐसा किया अब संख्या 1 बारी थी उसे 0 को चाटा मारना था, परन्तु उसने ऐसा न किया बल्कि संख्या 0 से कहा कि तुम मेरे मित्र हो और उसके पहले जाकर बैठ गया और अब वह सबसे ज्यादा शक्तिशाली संख्या बन गया।

हमें भी अपनी जिन्दगी में यहीं रास्ता अपनाना चाहिए साथ मिलकर रहना चाहिए। हमें अपने दोस्तों से झगड़ा नहीं करना चाहिए क्योंकि अगर दोस्त खो जाए तो दोबारा नहीं मिलता।

दीपेश सिंह
कक्षा–12 'विज्ञान'

''अजगर गुरू आलसी चेला''

मौसम था बरसात का भादौ आधी रात का,

आश्रम श्रम से दूर था सुनो वहाँ की बात,

सुनो वहाँ की बात जलेबी, दूध, पराठें,

खा पीकर गुरू, चेले ले रहे थे खर्राटें,

इतने में गुरू ने आवाज लगाई

क्यों रे चेले बत्ती अब तक नहीं बुझाई,

चेला अड़ियल आलसी गुरू अजगरानन्द,

कहने लगा कि मान्यवर आँखें कर लो बन्द,

आँखें कर लो बन्द समझ लो बत्ती बुझेगी,

मुँह ढक कर सो जाओ समस्या स्वयं सुलझेगी,

गुरू बोला आलस के चरखा यह बतला,

बंद हो गई या हो रही बरखा,

चेला बोला बाहर से आई है अपनी बिल्ली,

हाथ लगा के देखिए सूखी है या गीली,

गीली हैं तो जानिए चालू हैं बरसात,

सूखी है तो खत्म हुई बात,

खत्म हुई बात न आती तुझको लज्जा,

टाल रहा हर काम चल बंद कर दे दरवाजा,

दो मैंने कर दिए हैं गुरूवर सोने दीजिए

तीसरा काम आप स्वयं कर लीजिए

अमित कुमार जैन

कविता– पाकिस्तान

पाकिस्तान तुझे भारत का रूप दिखाना ही होगा,
बहुत रख लिया संयम, अब तो सबक सिखाना ही होगा।

तूने हमको नहीं, हमारी इज्जत को ललकारा है,
भूल गया तू पहले हमसे, दो–दो लड़ाई हारा है।

फिर भी तूने हिम्मत की है, पत्थर से टकराने की,
अब की बार नहीं छोड़ेंगे, ठानी तुझे मिटाने की।

तुझे पड़ौसी कहते अब तो, शर्म हमें भी आती है,
बीस जवानों की कुर्बानी, कायर तुझे बताती है।

तेरी नापाकी हरकत का, तुझको सबक सिखाना है,
दुनिया के नक्शे से हमको, पाकिस्तान मिटाना है।

अज्ञानी तू हमको परमाणु हमले की धमकी देता है
लेकिन तुझको पता नहीं, तू किस डाली पर बैठा है।

भारती की ताकत का शायद तुझको, भान नहीं होगा,
टकराया इस बार तो शायद पाकिस्तान नहीं होगा।

पहले जो भी गलती की, इस बार नहीं दोहराएँगे,
पाकिस्तानी संसद पर अपना झंड़ा लहरायेंगे।

सलीम 'स्वतंत्र'
(लोको पॉयलट)
मुख्या. कोटा – प.म.रेल

अच्छी आदतें

ईश्वर का दिया, कभी अल्प नहीं होता।
जो टूट जाये, वो संकल्प नहीं होता।
हार को लक्ष्य से, दूर ही रखना।
क्योंकि जीत का, कोई विकल्प नहीं होता।
जिदंगी जीना, आसान नहीं होता।
बिना संघर्ष, कोई महान नहीं होता।
जब तक न पड़े, हथौडे की चोट।
पत्थर भी, भगवान नहीं होता।

दीपेश सिंह
कक्षा–1 2 'विज्ञान'

महाकवि भवभूति का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

(i) भवभूति : स्थितिकाल, व्यक्तित्व तथा कर्तत्व स्थितिकाल

भवभूति संस्कृत साहित्य के जगमगाते हुए रत्न है। महत्व की दृष्टि से कालिदास के अनन्तर इन्हें स्थान दिया जाता है। उनकी रचनाओं ने संस्कृत साहित्य को एक नवीन आभा प्रदान की है। उनके स्थितिकाल के सम्बन्ध में कुछ निश्चित प्रमाण उपलब्ध है यद्यपि उन्होंने स्वयं इस दिशा में कोई प्रकाश नहीं डाला है। वास्तव में महाकवि किसी देश–विशेष या काल विशेष से परिचित नहीं होते, उनका व्यक्तित्व तो इन सबसे ऊपर उठा हुआ होता है, वे सारे संसार की निधि होते है। इसीलिए संस्कृत कवियों ने प्रायः अपने विषय में मौन का ही सहारा लिया है, यह हर्ष का विषय है कि भवभूति के सम्बन्ध में कुछ ऐसे साक्ष्य हैं जिनसे उनकी स्थितिकाल के निश्चय करने में बहुत सहायता मिलती है।

(ii) व्यक्तित्व

भवभूति ने अपने नाटकों की प्रस्तावना में अपना परिचय दिया है। महावीर–चरित की प्रस्तावना से ज्ञात होता है कि वे विदर्भ बरार के पदमपुर नगर के निवासी थे। उन्होंने उदुम्बुरवंशी ब्राह्मणों के परिवार में जन्म लिया था। ये बड़े ही आदरणीय, धर्मनिष्ठ, सोमरस का पान करने वाले और वेद के ज्ञाता थे। भवभूति के पाँचवे पूर्वज का नाम 'महाकवि' था, 'उन्होंने 'वाजपेय' यज्ञ किया था। भवभूति के बाबा का नाम 'भट्टगोपा' था, पिता का नाम ' 'नीलकण्ठ' था और माता का जतुकर्णी था। इनके गुरू का नाम 'ज्ञाननिधि' था। वे वास्तव में ज्ञान के निधि ही थे।

भवभूति व्याकरण, न्याय, मीमांसा के अपूर्व पण्डित थे। उनका प्रारम्भिक नाम ' श्रीकण्ठ था और भवभूति उनका साहित्यिक नाम था जो कि 'गिरिजायाः कुचो वन्दे–भवभूति–सितानतनों तथा 'साम्बा पुनातु भवभूतिपवित्रमूर्तिः' जैसे पद्य लिखने से पड़ा था।

भवभूति बड़ी ही सच्चरित्रता, निष्ठा और मर्यादा से जीवन व्यतीत करने वाले थे। धर्म के प्रति उनमें गहन आस्था थी। इस पवित्रता की धवल धारा में अवगाहन करके उन्होंने जो कुछ दिया है, वह साहित्य–संसार की सचमुच अक्षय निधि है। भवभूति का व्यक्तित्व संस्कृत–साहित्य में की मधुरता और कटुता, अन्तः प्रकृति तथा ब्राह्मप्रकृति के कोमल ओर विकट दोनों रूपों का ग्रहण करने की क्षमता रखता है। भवभूति वे श्रीकण्ठ हैं जिन्होंने एक साथ चन्द्रकला की शीतल सरसता और विष की तिक्तता दोनों को जीवन के उल्लासमय तथा वेदना व्यथित दोनों तरह के पहलुओं को सहर्ष अङ्गीकार किया है।

(iii) कवित्व

मालती माधव– इसमें मालती और माधव के प्रेम और विवाह की काल्पनिक कथा चित्रित की गई है। भूरिवसु और देवरात क्रमशः पद्मावती और विदर्भ के राजमन्त्री थे। उन्होंने यह प्रण किया था कि वे अपने पुत्र–पुत्रियों का परस्पर विवाह करेगी। समय पर देवरात के पुत्र और भूरिवसु के पुत्री उत्पन्न हुई। भूरिक्सु देवराज के पुत्र माधव के साथ, अपनी प्रतिज्ञानुसार, मालती का विवाह करना चाहते हैं, परन्तु राजा का साला और मित्र (नर्मसुहृत) नन्दन मालती से अपना अपना विवाह करना चाहता है। राजा का समर्थन भी उसे प्राप्त है। माधव का एक साथी मकरन्द है और नन्दन की बहिन मदयन्तिका मालती की सहेली है। मालती और माधव एक शिव मन्दिर में मिलते हैं। वहीं मदयन्तिका को मकरन्द एक सिंह से बचाता है। तभी वे एक दूसरे पर अनुरक्त हो जाते है। इधर राजा मालती और नन्दन का विवाह कराने के लिए तैयार है। माधव अपनी प्रेम–सिद्धि के लिए में तन्त्र सिद्धि कर रहा है कि

उसे एक स्त्री की चीख सुनाई पड़ती है। वहाँ जाने पर उसे पता चलता है कि अघोरघण्ट और उसकी शिष्या कपाल कुण्डला मालती को चामुण्डा की बलि चढ़ाने का उपक्रम कर रहे है। माधव अघोरघण्ट को मारकर मालती को बचा लेता है। राजा के सैनिक ढूँढ़ते हुए श्मशान पहुँचते हैं और मालती को ले आते हैं। मालती और नन्दन के विवाह की तैयारी की जाती है परन्तु कामन्दकी (भूरिवसु की शुभ–चिन्तिका तापसी) की चतुरता से मकरन्द का विवाह नन्दन से हो जाता है और कामन्दकी शिव मन्दिर में ले जाकर मालती माधव का गन्धर्व विवाह करा देती है, इधर प्रथम मिलन पर मकरन्द नन्दन को पीट देता है, नन्दन वहाँ से चला जाता है। मदयन्तिका अपनी भाभी को समझाने जाती है, पर उसे अपना प्रेमी जानकर उसके साथ भाग जाती है परन्तु सैनिकों द्वारा मकरन्द पकड़ लिया जाता है। यह सुनकर माधव मालती को छोड़कर अपने मित्र की सहायता करने के लिए चल पड़ता है। इसी बची अपने गुरू का बदला लेने के लिए कपालकुण्डला मालती को चुराकर श्रीपर्वत पर ले जाती है। उधर सैनिकों और माधव–मकरन्द का भयङ्कर युद्ध होता है। राजा उनकी वीरता से प्रसन्न होकर उन्हें छोड़ देता है। माधव मकरन्द के साथ विक्षिप्तावस्था में विन्ध्य पर्वत पर मालती की खोज में घूम रहा है। वहीं कामन्दकी की शिष्या सोदामिनी बतलाती है कि मालती इसकी कुटिया में सुरक्षित है। इस समाचार को मकरन्द, भूरिवसु, मदयन्तिका आदि को देता है। बाद में मालती माधव के मिलन के साथ ही मकरन्द–मदयन्तिका का विवाह सम्पन्न हो जाता है।

उत्तररामचरित– भवभूति का सर्वश्रेष्ठ नाटक है। इसमें कवि ने अपनी कल्पना का प्रयोग कर अदभुत् सृष्टि की है इसमें सात अङ्क है और इसमें रामचन्द्र जी के उत्तर चरित्र का वर्णन है। यह महावीरचरित का उत्तर भाग ही समझा जा सकता है। प्रथम अङ्क में राम को दुर्मुख नामक दूत से सीतापवाद विषयंक भूमिका बड़े ही कौशल से संयोजित की गई है, चित्रदर्शन के अवसर पर भी विनय और वीरता से युक्त हैं। तमसा, वासन्ती, आत्रेयी, नारी गुणों के साथ ही अपनी–अपनी भूमिकाएँ चित्रित करने में पूर्णतः सफल हुई है। अष्टावक्र, वाल्मिकी मितभाषी ऋषियों के रूप में चित्रित किये गये है। सुमन्त्र स्वामिभक्त वात्सल्यपूर्ण और नीतिज्ञ है। दण्डायन और सोधाक्ति अनध्यायप्रिय छात्रों का प्रतिनिधित्व करते है। ऋषि पत्नी अरून्धति परम साध्वी के रूप में हमारे सामने आती है। दुर्मुख तो दुर्मुख है ही।

(iv) सारांश

यह सब होने पर भी भवभूति को संस्कृत–साहित्य में बड़ा सम्मान प्राप्त है। उनके सम्बन्ध में विद्वानों ने अनेक प्रशस्तियाँ कहीं है, यहाँ कलेवर वृद्धि के भय से अधिक विवेचन नहीं किया जा रहा है। दो शब्दों में कतिपय दोष होते हुए भी भवभूति का व्यक्तित्व संस्कृत साहित्य में ऐसा प्रिय है जैसा कि भक्तों को भूति (भस्म) युक्तभव (शङ्कर) शरीर।

जयतु संस्कृतम्–जयतु भवभूति

इति

ज्योति मीना'
कक्षा–8 'ब'

चाणक्य्

चाणक्य चन्द्रगुप्त मौर्य के महामंत्री थे। वे 'कौटिल्य' नाम से भी विख्यात हैं। उनके द्वारा रचित अर्थशास्त्र राजनीति, अर्थनीति, कृषि, समाजनीति आदि का महान ग्रंथ है। **अर्थशास्त्र** मौर्यकालीन भारतीय समाज का दर्पण माना जाता है।

मुद्राराक्षस के अनुसार इनका असली नाम **'विष्णुगुप्त'** था। विष्णु पुराण भागवत आदि पुराणों तथा कथा सरित्सागर आदि संस्कृत ग्रंथों में तो चाणक्य का नाम आया है, बौद्ध ग्रंथों में भी इसकी कथा बराबर मिलती है। उनका जन्म पंजाब में अनुमानतः ईसा पूर्व में हुआ था। वह पाटलीपुत्र के निवासी थे और वहीं उनकी 395ई. में मृत्यु भी हो गई थी। उन्होंने तक्षशिला से ज्ञान प्राप्त किया था। अर्थशास्त्र और चाणक्यनीति इनके उल्लेखनीय ग्रन्था है। अपने समय में यह एक प्रसिद्ध विद्वान थे। कहते है कि चाणक्य राजसी ठाठ–बाट से दूर एक छोटी सी कुटिया में रहते थे। चाणक्य के शिष्य **कामंदक** ने अपने 'नीतिसार' नामक ग्रंथ में लिखा है कि विष्णुगुप्त चाणक्य ने अपने बुद्धिबल से अर्थशास्त्र रूपी महोदधि को मथकर नीतिशास्त्र रूपी अमृत निकाला था।

चाणक्य का अर्थशास्त्र संस्कृत में राजनीति विषय पर एक विलक्षण ग्रंथ है। पीछे से लोगों ने इनके नीति ग्रंथों से घटा बढ़ाकर वृद्धचाणक्य, लघुचाणक्य, बोधिचाणक्य आदि कई नीति ग्रंथ संकलित कर लिए। चाणक्य सब विषयों के पंडित थे। विष्णुगुप्त सिद्धांत नामक इनका एक ज्योतिष का ग्रंथ भी मिलता है। कहते हैं, **आयुर्वेद** पर भी इनका लिखा 'वैद्यजीन' नाम का एक ग्रंथ है। न्याय भाष्यकार वात्स्यायन और चाणक्य को कोई एक ही मानते हैं, पर यह भ्रम है जिसका मूल हेमचंद का यह श्लोक है।

वात्स्यायन मल्लनागः, कोटिल्य चाणकात्मजः।

द्रामिलः पक्षिलस्वामी विष्णु गुप्तोऽङ्गुलश्च सः।।

कोटिल्य के राज्य का कार्यक्षेत्र अत्यंत व्यापक है। कोटिल्य का कहना है कि प्रजा की प्रसन्नता में ही राजा की प्रसन्नता हैं। प्रजा के लिए जो कुछ भी लाभकारी है, उसमें उनका अपना भी लाभ है। एक अन्य स्थान पर भी उन्होंने लिखा है **'बल ही सत्ता है, अधिकार है। इन साधनों के द्वारा साध्य है प्रसन्नता''।**

जसकौर सिंहरा'
कक्षा – 12 'अ'

गीता

भगवद्गीता भारतीय धार्मिक दार्शनिक साहित्य की अमूल्य कृति है। वेदों एवं उपनिषदों की विचारधारा स्फटिक की तरह उज्जवल होकर गीता में व्यक्त हुई है। यह आध्यात्म–विद्या (ब्रह्म–ज्ञान) का अपूर्व ग्रन्थ है। भगवद्गीता भारत के सुप्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत के भीष्म–पर्व का एक भाग है जिसमें भीष्म–पर्व के 23 वें से लेकर 40 वं तक कुल 18 अध्याय सम्मिलित हैं। इसके रचयिता का नाम स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं है। किन्तु महाभारत के संकलनकर्ता वेद व्यास को ही गीता की रचना का श्रेय दिया जाता है। वास्तव में अपनी विषयवस्तु की दृष्टि से यह अपने आप में इतनी पूर्ण ग्रन्थ की संज्ञा दी जाती है। यह कोई गुह्य ग्रन्थ नहीं है, जो विशेष रूप से दीक्षित लोगों के लिए लिखा गया हो और जिसे केवल वे ही लोग समझ सकते हो, अपितु एक लोकप्रिय काव्य है। इसमें अनेक और परिवर्तनशील वस्तुओं के उन साधकों की महत्वाकांक्षाओं को ओर वाणी प्रदान की गई है, जो परमात्मा के नगर की ओर आन्तरिक मार्ग पर चलना चाहते है। गीता का उपदेश किसी एक विचारक या विचारकों के किसी एक वर्ग द्वारा सोचकर निकाली गई प्रणाली के रूप में किसी एक वर्ग द्वारा सोचकर निकाली गई प्रणाली के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया, यह उपदेश एक ऐसी परम्परा के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो मानव जाति के धार्मिक जीवन से प्रकट हुई है।

गीता के अनुसार आत्मतत्व :–

युद्ध के मैदान में स्वजनों को खड़े देखकर मोहित हुआ अर्जुन जब युद्ध के लिए स्पष्ट इन्कार कर देता है तब उसके मोह को दूर करने के लिए कृष्ण उसे अनेक प्रकार से समझाने का प्रयास करते है। इस सन्दर्भ में वे शरीर व आत्मा का भेद भी स्पष्ट करते है। कृष्ण अर्जुन को समझाते हुए कहते है कि शरीर एवं आत्मा दोनों पूर्णरूपेण पृथक्–पृथक है। बचपन, यौवन, वृद्धावस्था, मृत्यु एवं जन्म सभी शरीर के विकार हैं। शरीर में होने वाले परिवर्तनों का अर्थ आत्मा में परिवर्तन नहीं है।

आत्मा वस्तुतः अमर शाश्वत है। यह हमारे जन्म से पहले भी थी, वर्तमान समय में भी हमारे शरीरों में है और भविष्य में भी अन्य शरीरों में रहेगी। जैसे बचपन युवावस्था यद्यपि शरीर की होती है औरवह विनष्ट हो जाता है, परन्तु जीवात्मा देह में उन अवस्थाओं का भोग करके शरीर के नष्ट होने पर दूसरे शरीर को प्राप्त होता है। बताया है कि शरीर नाशवान है जबकि आत्मा अविनाशी है। शरीर को प्रत्यक्ष, अनुमान आदि प्रमाणों के द्वारा मापा जा सकता है परन्तु आत्मा अप्रमेय है अर्थात् उसे प्रत्यक्षादि प्रमाणों से सिद्ध नहीं किया जा सकता है, वह तो स्वयं अपना प्रमाण है।

भगवद्गीता की मूलभूत शिक्षा :–

भगवद्गीता महाभारत की भांति विविध शिक्षाओं से युक्त है। सम्पूर्ण गीता वस्तुतः शिक्षाओं का एक भण्डार है। अर्जुन जो कि युद्ध के मैदान में अपने भाई–बन्धुओं तथा परिवार के लोगों को देखकर किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया, उसे भगवान कृष्ण ने समझाते हुए जो शिक्षाप्रद उपदेश दिये, वही तो गीता है। गीता की शिक्षा सरल भाषा में तथा सर्वजनोपयोगी है। गीता की प्रमुख शिक्षाओं को हम निम्न रूप में रख सकते है :–

(1) **कर्तव्य पालन :–** गीता मनुष्य को कार्य करने की शिक्षा प्रदान करती है। किंकर्तव्यविमूढ़ अर्जुन को देखकर कृष्ण ने प्रथम शिक्षा यही दी थी **'कार्य करो फल का विचार मत करो।'** गीता की मुख्य शिक्षा यही है कि कठोर दुःख और विपत्ति में भी अपने कर्तव्य और धर्म से नहीं हटना चाहिए। श्रीकृष्ण ने कहा कि मनुष्य कर्म को किसी भी समय नहीं रोक सकता है। यदि वह सन्यास भी लेगा तब भी कर्म तो करना ही पड़ेगा।

गीता

(2) ईश्वर भक्ति की प्रेरणा :– दूसरी महत्वपूर्ण शिक्षा जो गीता प्रदान करती है, वह है ईश्वर भक्ति। मनुष्य को आस्तिक होना चाहिए तथा भगवान का भजन करना चाहिए। गीता में अर्जुन को भगवान कृष्ण ने भगवद् भक्ति की सद्प्रेरणा प्रदान की है।

(3) सहिष्णुता और सार्वभौमिकता :– गीता मानव को सहिष्णु बनने की प्रेरणा देती है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि आस्थापूर्वक चाहे जिस किसी देवता की कोई आराधना करे मैं उसकी उस देवता में भक्ति को दृढ़ करता हूँ।

(4) आलस्य–त्याग व कर्मठ बनने की प्रेरणा :– भगवद्गीता मानव को यह शिक्षा देती है। गीता की स्वयं की शिक्षा भी सहिष्णुता और सार्वभौमिकता से ओत–प्रोत है। गीता में कर्म से विमुख होना निन्दनीय बताया गया है और कहा गया है कि जो लोग जीवित रहते हुए भी कर्म से भगना चाहते है वे वास्तव में मरे हुए के समान है।

(5) समस्याओं से संघर्ष की प्रेरणा :– गीता मानव को सतत् संघर्ष करने की प्रेरणा प्रदान करती है–संघर्ष मानव से नहीं अपितु जीवन में आने वाली कठिनाइयों व समस्याओं से।

गीता की यह प्रमुख शिक्षा है कि किसी भी कठिन से कठिन स्थिति ही क्यों न हो मानव को उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए।

तनवी खान
कक्षा – 12 'अ'

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम :

(Dr. Abdul Kalam)

को न जानाति महतो वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुलकलाम महोदयस्य नाम ? भारतस्य वैज्ञानिकप्रगतौ डॉ. कलाम महाभागस्य महत्त्वपूर्णं योगदानं वर्तते। परमाणु विज्ञाने अस्माकं देशः यावतीं प्रगतिमकरोत्, तत्र अस्यैव महापुरूषस्य महत् अवदानं विद्यते। पोखरणबम–विस्फोटेन यदा भारत देशः परमाणुशक्ति मतां देशानां कोटौ समाविष्टः तदा एतस्य वैज्ञानिकस्य चर्चा, न केवलं देशे अपितु निखिले विश्वे अभवत्। अयं वैज्ञानिक श्रेष्ठः सद्व्यवहारशीलः विद्वान्, चिन्तकः देशभक्तः सर्वेषाम् आदर्शकल्पः च विद्यते।

अस्य महापुरूषस्य जन्म तमिलनाडु प्रदेशस्य रामेश्वरं नाम्नि नगरे सामान्ये मुस्लिम परिवारेऽभवत्। अस्य पिता श्री जैनुलब्दीनः माता च श्रीमती आशियम्मा आसीत्।

हर्ष राठौड़
कक्षा – 8 'ब'

श्लोक

श्लोक–1. :
धर्मस्य हापकार्यस्य नार्थोऽर्थोपकल्पते नार्थस्य
धर्मेकान्तस्य कमो लाभाय हि स्मृतः कामस्य
नेन्द्रियप्रीतिर्लाभो जीवते यावता जीवस्य तत्वजिज्ञासा
नार्थो यश्चेह कर्मभिः।

श्लोक 2. :
नमस्ते विश्वरूपाय नमस्ते ब्रह्मरूपिणे सहस्त्ररश्मये
नित्ये नमस्ते सर्वतेजसे नमस्ते रूद्रवपुषे नमस्ते
भवतवत्सलः पद्यनाभ नमस्तेऽस्तु कुण्डलाङ्गन्दभूषित
नमस्ते सर्वलोकानो सुजनामुषनोघन सुकृतं दुष्कृतं
चैन सर्व पश्यासि सर्वता सयदेव नमस्तेऽस्तु प्रासादे
मम भास्कर दिवाकर नमस्तेऽस्तु प्रभाकर नमोऽस्तुते।

श्लोक 3. :
कृष्ण कृष्ण कृपालुस्त्वमगतीनां गतिर्भव
संसारावर्णमग्रानां प्रसीद पुरूषोत्तम नमस्ते पुण्डरीकाक्ष
नमस्ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते विश्वभावन सुब्रह्मण्य नमस्तेऽस्तु
महापुरूष पूर्वज गृहाणार्ध्य मया दत्तं लक्ष्मया सह जगत्यते।

श्लोक 4. :
स्मृतो हरसि पापानि यदि नित्यं जनार्दन दुःस्वप्तं
दुर्निमित्तानि मनसा दुर्विचिन्तितम् नारकं तु भयं
परलौकिकम् तेन देवेश मां रक्ष गृहाणार्ध्यं नमोऽस्तु
ते सदा भक्तिर्ममैवास्तु दमोदर तवोपरि।

अंजली यादव
कक्षा – 8 'ब'

मम् विद्यालय्

केन्द्रीय विद्यालय
अहस्त अस्त अतिमानः
मम विद्यालये क्रीडा क्षेत्रम।
स्वच्छमान्ये शरीरे नेत्रम्।।
पुस्तकानां विपुलं कोशः।
पुस्तकालये प्राप्यते परमः तोषः।
सर्वे गुरवः – प्रवीणाः
सन्ति न कोऽपि अनुभवहीनाः
केवन छात्रः लब्धप्रतिभा।
वर्धते तैः विद्या–आभाः।
अस्माकं संस्कृतशिक्षाम्।
दत्वा कुरूते संस्कृतिः रक्षाम्।।

सलोनी चोहान
कक्षा – 8 'ब'

मम् विद्यालय्

निनादय नवीनामये वाणि! वीणाम्
मृदुं गाय गीतिं ललित–नीति–लीनाम्।
मधुर–मञ्जरी–पिञ्जरी–भूत–मालाः
वसन्ते लसन्तीह सरसा रसोलाः
कलायाः ललित–कोकिला–काकलीनाम्।।1।।
वहति मन्द मन्दं सनीरे समीरे
कालिन्दात्मजायास्सवानीरतीरे,
नतां पंकमालोक्य मधुमाधवीनाम्।।2।।
ललित–पल्लवे यादपे पुष्पपुञ्जे
मलयमा रूतोच्चुम्बिते मञ्जुकुञ्जे,
स्वनन्तीन्ततिम्प्रेक्ष्य मलिनामलीनाम्।।3।।
लतानां नितान्तं सुमं शान्तिशीलम्
चलेदुच्छेलेत्कान्तसलिलं सलीलम्,
तवाकर्ण्यं वीणामदीनां नदीनाम्।।4।।

तुषार शर्मा
कक्षा – 9 'अ'

श्लोकः

1. सर्पाः पिबन्ति न च दुर्बलास्ते,
शुष्कैः तृणैः वनगजाः बलिनः भवन्ति।
कन्दैः फलैः मुनिवराः क्षपयन्ति कालं,
सन्तोष एव पुरूषस्य परं निधानम्।।

3. प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः,
प्रारभ्य विघ्नविहताः विरमन्ति मध्याः।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः,
प्रारब्धमुत्तमजनाः न परित्यजन्ति।।

4. विचरति आकाशे न तु वायुयानः
मांसभोजी न मृगाधिराजः।
दूरद्रष्टा न च योगिराजः
कथय कः एषः अति–तीव्रगामी।।

सलोनी
कक्षा – 8 'अ'

नित्यं कर्तव्यम् (क्त्वा ल्यप् च)

प्रातः काले ईशं स्मृत्वा, पितरौ प्रणमामि।
नित्यं कर्म च कृत्वोधानं, गत्वा विचरामि।।1।।

स्न्नानात् पूर्वं प्राणायामं, तदनु व्याख्यानाम्।
वृष्टिर्भवतु वा झञ्जझावतो हिमं पतेत् काभम्।।2।।

गृहमागत्य दुग्धं पीत्वा, पठामि निजापाठम्।
ततो भोजनं करोमि नित्यं षड्रसेयुक्तम।।3।।

विद्यालये च गुरूवर्याणां, करोमि सम्मानम्।
श्रद्धायुक्तो भूत्वैवाहम् अर्जयामि ज्ञानम्।।4।।

सायङ्काले क्रीडाक्षेत्रे, गत्वा क्रीडामि।
देवदर्शन ततो भोजनं, पाठं स्मरामि।।5।।

शयनात् पूर्वं राष्ट्रचिन्तनं, नित्यं कर्तव्यम्।
भारतमातुः दिव्यमन्दिरं, भवत पुनः भव्यम्।।6।।

लक्ष्मी झा
कक्षा – 8 'अ'

Gems of the Vidyalaya

Vidyalaya CBSE Toppers - 2016
Class XII

TANUSHREE CHAKRABORTHY
XII Science
93.6%

SHRISHTI
XII Science
92.2%

ASHISH CHATURVEDI
XII Science
90.4%

SUKHDEEP
XII Science
90.4%

RIDDHI VAJPAYI
XII Commerce
81.4%

RESHAM BISHT
XII Commerce
79.6%

Gems of the Vidyalaya

Vidyalaya CBSE Toppers - 2017
Class XII

GAURAV MALAV
XII Science
92.8%

SOHAIL SHAIKH
XII Science
91.6%

SIMRAN VERMA
XII Commerce
89.4%

MEGHA MEENA
XII Science
88.6%

MAMTESH BAGHEL
XII Science
86.0%

ANIL KUMAR
XII Science
82.8%

Gems of the Vidyalaya 2016

AMIT SHANKHWAR
X - CGPA 10

GAURAV SINGH RAGHAV
X - CGPA 10

HARSH KUMAR SAGAR
X - CGPA 10

HIMANI CHAUHAN
X - CGPA 10

KAJAL SHARMA
X - CGPA 10

NAMRATA GOCHER
X - CGPA 10

PARTH VASHISHTHA
X - CGPA 10

PRAFUL MEENA
X - CGPA 10

PRANAV GUPTA
X - CGPA 10

PRATEEK PATEL
X - CGPA 10

SARTHAK MAHAJAN
X - CGPA 10

Gems of the Vidyalaya 2017

Dharna Koundal
X - CGPA 10

Deeksha Fouzdar
X - CGPA 10

Anjana Singh Chouhan
X - CGPA 10

Alisha Saini
X - CGPA 10

Yogya Verma
X - CGPA 10

Tushar Dhakad
X - CGPA 10

Samarth Kumar
X - CGPA 10

Nawazish Sadaf
X - CGPA 10

Muskan Singh
X - CGPA 10

Jaya Kumari Jhawa
X - CGPA 10

Harshita Indoria
X - CGPA 10

Participants of
KVS National Sports Meet - 2015-16

S. NO.	NAME	GAME	REPORTING TIME	DATE OF COACHING CAMP & VENUE	VENUE	ESCORT
1	JYOTI KUMARI	ATHLETICS U-17(GIRLS)	13.09.2016 (A/N)	K.V. NO.5 GWALIOR, 14.09.2016 TO 23.09.2016	NATIONAL - DELHI, DATE - 26.09.2016 TO 30.09.2016	**Alka Shukla, TGT(English)**
2	SANDHYA MEENA	ATHLETICS U-14(GIRLS)				
3	FAIZ AHMED	CRICKET U- 17	19.09.2016(A/N)	K V MATHURA CANTT, 20.09.2016 TO 28.09.2016	NATIONAL - CHENNAI, DATE- 03.10.2016 TO 07.10.2016	**R S Prajapati,PRT**
4	PRINCESS SANSKRITI JAKHORIA	BADMINTON U-17(GIRLS)	14.09.2016 (A/N)	K.V.NO.1 AGRA,15.09.2016 TO 23.09.2016	NATIONAL - MUMBAI, DATE- 27.09.2016 TO 30.09.2016	**Shashi Meena, TGT(Maths)**
5	VIVEK SINGH	BOXING U-17	19.09.2016 (A/N)	BABINA CANTT,20.09.2016 TO 28.09.2016	NATIONAL -CHENNAI,DATE- 03.10.2016 TO 06.09.2016	**T. P. Ram TGT(Sst.)**
6	ABHISHEK MEENA	BOXING U-17				
7	PUSHPAL SINGH	BOXING U-19				
8	ANUJ KUMAR	BOXING U-19				
9	TARASHA GORI	SKATING U-14(GIRLS)	14.09.2016 (A/N)	K.V. MRN, MATHURA. 15.09.2016 TO 22.09.2016	NATIONAL - MUMBAI, DATE- 27.09.2016 TO 30.09.2016	**Nisha Singh, PRT**
10	ARYEEKA VERMA	SKATING U-14(GIRLS)				
11	SHIVANI KUMAR BANSIWAL	SKATING U-17(GIRLS)				
12	RISHABH RANAWAT	SKATING U-17(BOYS)	20.09.2016 (A/N)	MATHURA MRN, 21.09.2016 TO 29.09.2016	NATIONAL - HYDRABAD, DATE- 03.10.2016 TO 07.10.2016	**R. S. Prajapati, PRT**
13	NITIN MAHAWAR	SKATING U-19(BOYS)				
14	PARAMVEER SINGH	SKATING U-19(BOYS)				

STAND BY

1	ADITYA SHARMA	TAIKWANDO	02.09.2016 (A/N)	K.V. NO.2 AGRA CANTT. 03.09.2016 TO 12.09.2016	NATIONAL - KOLKATA, DATE - 15.09.2016 TO 18.09.2016	
2	MANVI GURJAR	CHESS U-19(GIRLS)				
3	JAI SINGH	CRICKET U-17				
4	HITENDRA SINGH PANWAR	BOXING U-17				
5	KHUSHI	ATHLETICS U-19(GIRLS				
6	SAAVYASAACHI SHEKHAR	ATHLETICS U-19(BOYS)				
7	LIPIKA SAHAY	BADMINTON U-19(GIRLS)				
8	ASHA KUMARI	BADMINTON U-17(GIRLS)				
9	SUSHIL KUMAR	SKATING U-17(BOYS)				
10	AMAN DHABORIYA	SKATING U-17(BOYS)				

Participants of KVS National Sports Meet - 2015-16

Jyoti Kumari
Athletics-17 (Girls)

Sandhya Meena
Athletics-14 (Girls)

Faiz Ahmed
Cricket U-17

Princess Sanskriti Jakhoria
Badmintion U-17 (Girls)

Vivek Singh
Boxing U-17

Abhishek Meena
Boxing U-17

Pushpal Singh
Boxing U-19

Anuj Kumar
Boxing U-19

Tarasha Gori
Skating U-14 (Girls)

Aryeeka Verma
Skating U-14 (Girls)

Shivani Kumari Bansiwal
Skating U-17 (Girls)

Rishabh Ranawat
Skating U-17 (Boys)

Participants of
KVS National Sports Meet - 2016

Nitin Mahawar
Skating U-19 (Boys)

Paramveer Singh
Skating U-19 (Boys)

Aditya Sharma
Taikwando

Manvi Gurjar
Chess U-19 (Girls)

Jai Singh
Cricket U-17

Hitendra Singh Panwar
Boxing U-17

Khushi
Athletics U-19 (Girls)

Saavyasaachi Shekhar
Athletics U-19 (Boys)

Lipika Sahay
Badminton U-19 (Girls)

Asha Kumari
Badminton U-19 (Girls)

Sushil Kumar
Skating U-17 (Boys)

Aman Dhaboriya
Skating U-17 (Boys)

Annual Sports Day- 2016-17

Special Achievement

Sh. M.R. Samdyan (H.M.) Receiving Regional Incentive Award From Shri Santosh Kumar Mall Commissioner K.V.S.

Smt. Kavitesh Bhardwaj PGT (CS) Receiving Certificate of Excellence

Saavya Saachi Shekhar XII (Comm.) Rashtrapati Puraskar Year-2016 (Bharat Scout & Guide)

Tulsi Sen Class III-B, Receiving Merit Certificate of International English Olympiad

N.C.C. Certificates Distribution by Principal

A Workshop on Online payment of School Fee

Sh. L.B. Sharma, PGT (Chem.) Interucting with Parents during PTA Meeting

Mock drill for extinguishing fire during vigilance awareness week

The Students of Class XIIth Science & Commerce on the occasion of Farewell Party

Students Presenting Group Song on the occasion of KVS Foundation Day

A Dance Performance by Students on the occasion of KVS Foundation Day

Shri V.K. Singh, A.C., K.V.S. (RO) Agra, blessing the students on their birthday

Hon'ble Sh. V.K. Sing A.C., K.V.S. (RO) Agra, Observing lesson during annual inspection

Activities organized on grand parents day

Prize Distribution to the winners by the chief guest on grand parents day

Painting Competition on the occasion of Rashtriya Ekta Diwas

Painting Competition on Nirmal Nadi Abhiyan

Rangoli Making by Raman House

Rangoli Making by Ashoka House

Rangoli Making by Shivaji House

Rangoli Making by Tagore House

Swachh Bharat Abhiyan Wall Painting

Kirti Raghav & Gaurav Raghav

Priyanka Kumari & Mamtesh Baghel

Saloni Bharadwaj & Khushi Singh

Bharti Yadav & Rakhi Singh

Neha & Asha

Khushi Akhand, Jyoti Kumari & Arjun

Pavas Singh

Gunjan Sharma

Nikita Verma

Ankita Choudhary

Vidyalaya Students Presenting Group Song on Republic Day

Vidyalaya Students Singing National Anthem on Republic Day

Artist Performing Classical Dance under the Series Routes 2 Roots

The classical Artist Presenting Amazing Classical Dance

Artist of Classical Dance giving tips of classical dance to Vidyalaya Students

Community Prayer under CC Activities

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान शपथ ग्रहण करते शिक्षक गण

विद्यालय स्तरीय सामाजिक–विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के बारे में विवरण देती छात्राऐं

विद्यालय प्रांगण में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 और क्रमांक 2 के शिक्षकों का सामूहिक भोज समारोह

विद्यालय छात्र–छात्राओं द्वारा पर्यटन स्थल मनाली (हिमाचल प्रदेश) का शैक्षिक भ्रमण

विज्ञान दिवस (सर सी.वी. रमन के जन्म दिवस) के अवसर पर माननीय प्राचार्य श्री एवं विज्ञान शिक्षकों द्वारा श्रद्धांजलि

वाणिज्य संकाय द्वारा आयोजित छद्म संसद में प्रस्तुति देते छात्र–छात्राऐं

विश्व अहिंसा दिवस (2 अक्टूबर) के शुभ अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

विद्यालय स्वच्छता अभियान के दौरान कक्षा–कक्ष की सफाई करते छात्र–छात्राऐं

नवरात्री महोत्सव में छात्राओं द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुति

नवरात्री महोत्सव में विचित्र–वेशभूषा प्रतियोगिता के प्रतिभागी

विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेते शिक्षण गण एवं छात्र–छात्राऐ

राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता रैली का शुभारंभ करते प्राचार्य

राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान एकता दौड़ में भाग लेते शिक्षक गण एवं छात्र–छात्राऐं

प्राचार्य श्री द्वारा राष्ट्रीय एकता संदेश एवं राष्ट्रीय एकता पर संभाषण

आजादी दौड़ समारोह में छात्र–छात्राओं को रवाना करते हुए प्राचार्य

आजादी दौड़ समापन के अवसर पर छात्र–छात्राऐं

आजादी पखवाड़ा के अन्तर्गत वीर जवानों हेतु शुभकामना संदेश प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र–छात्राऐं

चिंतन दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्य श्री द्वारा दीप–प्रज्वलन

भारत स्काउट गाइड के महत्व व प्रयासों पर श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा अभिभाषण

भारत स्काउट गाइड संकुल स्तरीय द्वितीय सोपान परीक्षण शिविर में प्रतिभागी शिक्षक गण

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लेते हुए स्काउट गाइड शिक्षक

भारत स्काउट गाइड विभाग के तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता रैली का आयोजन

भारत स्काउट गाइड विभाग के होनहार नौनिहाल

शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक एवं छात्रगण

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षिका समूह द्वारा खेल स्पर्धा में उमंगमयी प्रतिभागिता

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र–शिक्षकों के साथ मुख्य अतिथि महोद्या

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ मुख्य अतिथि महोद्या

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र–शिक्षकों के साथ मुख्य अतिथि महोद्या

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुति

हिन्दी भाषा सप्ताह के अन्तर्गत लघु नाटिका प्रस्तुत करती छात्राऐं

संस्कृत भाषा सप्ताह के अन्तर्गत संस्कृत समूह गान प्रस्तुत करती छात्राऐं

हिन्दी भाषा सप्ताह में मुख्य अतिथि श्री आर.पी. मीणा द्वारा हिंदी भाषा के महत्व एवं उपयोग पर सारगर्भित संभाषण

हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी गीत प्रस्तुत करती छात्राऐं

वरिष्ठ हिंदी शिक्षक श्री रामकिशन जाटव के सान्निध्य में हिंदी–भाषा ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र–छात्राऐं

वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक श्री रामचन्द्र के निर्देशन में अंग्रेजी भाषा कौशल एवं महत्व पर छात्र–छात्राओं द्वारा संभाषण

विद्यार्थी परिषद् 2016-17

विद्यालय परिवार

वार्षिकोत्सव – 'स्पंदन–2016' की झलकियाँ

सांस्कृतिक संध्या में छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य–प्रस्तुति

नन्हें कलाकारों द्वारा बाल गीत पर मनोरम नृत्य प्रस्तुति

माध्यमिक परीक्षा 2016 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य

'रामायण' महाकाव्य पर लघुनाटिका की भव्य प्रस्तुति देते हुए छात्र–छात्राएँ

प्रिंसेज संस्कृति जखोड़िया एवं शैली शर्मा द्वारा आकर्षक युगल नृत्य प्रस्तुति

वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय परिवार के सदस्य

Printed at: Nidhi_Printers#9460813430